Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ एसीबी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस  हर्षोल्लास के साथ मनाया।

जयपुर, 15 अगस्त 2025। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्यवाहक महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव द्वारा ब्यूरो परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। सभी द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात कार्यवाहक महानिदेशक, एसीबी श्रीमती श्रीवास्तव ने सलामी गार्ड का निरीक्षण करते हुए सभी उपस्थित अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दीं।

उन्होंने अपने उद्‌बोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह दिवस हमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में ब्यूरो के अधिकारी–कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और देशभक्ति के जज्बे के साथ इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया।